मुख्यमंत्री सचिवालय

....

प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक: 30/09/2021

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति-498/2021

30 सितंबर 2021

मंत्रालय

========================

★ मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

=========================

★ असंगठित क्षेत्र के कामगारों के निबंधन के लिए पंचायत, प्रखंडों और शहरों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए

श्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

========================

रांची

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों के निबंधन के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार को सुनिश्चित जाए ।इसके तहत पंचायत, प्रखंड और शहरी क्षेत्रों में प्रचार प्रसार के विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल किया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा कामगारों का निबंधन हो सके और सरकारी योजनाओं का उन्हें लाभ मिल सके ।

2 लाख 61 हज़ार कामगारों का हो चुका निबंधन

इस मौके पर विभाग के सचिव श्री प्रवीण टोप्पो ने बताया कि असंगठित क्षेत्र के के कामगार दो तरीकों से अपना निबंधन करा सकते है । इसके तहत प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से

या कामगार श्रम पोर्टल पर स्वयं निबंधन करा सकते हैं । उन्होंने बताया कि ई श्रम पोर्टल पर अब तक 2 लाख 61 हज़ार कामगारों का निबंधन हो चुका है और लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी उपायुक्त को आवश्यक निर्देश पहले ही दे दिए गए हैं ।

###

==================

#Team PRD(CMO)